पत्रांक:-भवन/बजट-86-योजना (पिछड़ा एवं अति पिछड़ा-01/2019-20.....9539 बी)

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

सेवा में,

**महालेखाकार (ले. एवं हक) बिहार,**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक:- 8/10/26

विषय:- पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु **वित्तीय वर्ष 2026-27** में कुल **₹ 2,50,75,040/- (दो करोड़ पचास लाख पचहत्तर हजार चालीस रूपये)** मात्र के व्यय की स्वीकृति।

**आदेश:- स्वीकृत।**

कार्यपालक अभियंताओं द्वारा PMIS के माध्यम से समर्पित ऑनलाईन अधियाचना पर संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता द्वारा की गयी अनुशंसा के आलोक में **पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग** की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निम्न विवरणीनुसार कुल **₹ 2,50,75,040/- (दो करोड़ पचास लाख पचहत्तर हजार चालीस रूपये)** मात्र के व्यय की स्वीकृति **वित्तीय वर्ष 2026-27** में प्रदान की जाती है:-

| क्र.सं. | प्रमंडल का नाम | अधियाचना आई०डी० संख्या | योजना का नाम | स्वीकृत्यादेश संख्या/दिनांक | वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए व्यय हेतु स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर | 34309 | राज्य के वैशाली जिला में 520 आसन वाले एक अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों के भवन का निर्माण कार्य | 74/ 11.07.23 | ₹ 1,41,49,409/- (एक करोड़ इकतालीस लाख उनचास हजार चार सौ नौ रूपये) |
| 2. | भवन प्रमंडल, मोतिहारी | 34450 | पूर्वी चम्पारण जिला में 520 आसन वाले एक अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य | 76/ 27.09.22 | ₹ 98,62,149/- (अंठानवे लाख बासठ हजार एक सौ उनचास रूपये) |
| 3. | भवन प्रमंडल, नवादा | 34269 | नवादा जिला के प्रखंड अकबरपुर में ग्राम तैयार में 520 आसन वाले एक अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य | 74/ 11.07.23 | ₹ 10,63,482/- (दस लाख तिरेसठ हजार चार सौ बयासी रूपये) |
| कुल योग- | | | | | **₹ 2,50,75,040/-** |

**(दो करोड़ पचास लाख पचहत्तर हजार चालीस रूपये)**

2. उक्त कार्य पर राशि का व्यय मांग संख्या-03 के अन्तर्गत मुख्यशीर्ष-4059-लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय- उपमुख्यशीर्ष-80-सामान्य-लघुशीर्ष-051- निर्माण -उपशीर्ष-0118-पिछड़े वर्गों के आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास भवनों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार विपत्र कोड-03-4059800510118 के विषयशीर्ष-53-मुख्य कार्य-0118.53.01 मुख्य निर्माण कार्य में उपबंधित राशि से **वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27** में किया जाएगा।
3. इस राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग होंगे।
4. इस राशि की निकासी संबंधित जिला कोषागार से की जायेगी।
5. प्रस्ताव में आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।
6. स्वीकृत राशि के विरूद्ध आवंटन की कार्रवाई सी.एफ.एम.एस. के माध्यम से की जा रही है।

**(राजेश कुमार सिंह)**
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक:- 9539 (व) पटना, दिनांक:- 8/10/26

**प्रतिलिपि:-**सचिव (व्यय), वित्त विभाग, बिहार, पटना/संबंधित जिला पदाधिकारी/कोषागार पदाधिकारी, संबंधित जिला कोषागार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**सरकार के अपर सचिव।**

ज्ञापांक:- 9539 (व) पटना, दिनांक:- 8/10/26

**प्रतिलिपि:-** अपर मुख्य सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना/माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/अभियंता प्रमुख/संबंधित मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग/निदेशक अनुश्रवण/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ संबंधित अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग/ संबंधित कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सी.एफ.एम.एस. एप्रूवर, भवन निर्माण विभाग एवं आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड एवं सभी संबंधित को ई-मेल करने हेतु प्रेषित।

**सरकार के अपर सचिव।**